हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

04 छात्रों को साइकिल, पुस्तकें वितरित की, नवाचार...




07 अब जिलेभर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में...





**खबर संक्षेप**

### 10 से पहले अपलोड करनी होगी शुल्क की जानकारी

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में निजी विद्यालयों की फीस व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत जिले के सभी निजी विद्यालयों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की फीस, अन्य शुल्क एवं संबंधित जानकारी शासन के निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। जिसकी निर्धारित तिथि 10 अप्रैल 2026 है। कलेक्टर द्वारा निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में जानकारी अपलोड नहीं करने वाले विद्यालयों पर फीस विनियमन अधिनियम के तहत श्रेणीवार अर्थदंड लगाया जाएगा। यह जुर्माना विद्यालयों की छात्र संख्या के आधार पर तय किया गया है, जिसमें कम, मध्यम और अधिक नामांकन वाले विद्यालयों के लिए अलग-अलग राशि निर्धारित की गई है। आदेश का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य अभिभावकों को मनमानी फीस वसूली से राहत देना और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समिति गठित की गईं हैं।

### राजस्व मंत्री ने की गेहूं उपार्जन तैयारियों की समीक्षा

**सीहोर।** आगामी 10 अप्रैल से शुरू होने वाले गेहूं उपार्जन को लेकर तैयारियों के संबंध में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में गेंहूं उपार्जन के लिये आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में कलेक्टर बालागुरू के. ने विस्तार से जानकारी दी। बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। उपार्जन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर छाया, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही तौल कांटों की पर्याप्त व्यवस्था और उनकी नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए। श्री वर्मा ने कहा कि गेहूं की तौल निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जाए और तौल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारी किसी भी प्रकार से स्थिति का अनुचित लाभ न उठा सकें, इसके लिए सख्त मॉनिटरिंग की जाए।

### तापमान में गिरावट होने से गर्मी से मिली राहत, किसानों की चिंता बढ़ी, आमजन जीवन भी हो रहा अस्त-व्यस्त

# बेमौसम बारिश में चने के आकार बराबर ओले गिरे, गेहूं की कटी और खड़ी फसल को नुकसान

बारिश से खेतों में पक कर खड़ी और कटी रखी फसल की चमक पड़ जाएगी फीकी। मंडी में मिलेंगे कम दाम। मौसम विभाग का अनुमान है आने वाले तीन दिन तक ऐसा ही रहेगा तापमान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



**7 दिनों का तापमान**

26 मार्चः 39 डिग्री सेल्सियस
27 मार्चः 36 डिग्री सेल्सियस
28 मार्चः 38 डिग्री सेल्सियस
29 मार्चः 38 डिग्री सेल्सियस
30 मार्चः 39 डिग्री सेल्सियस
31 मार्चः 30 डिग्री सेल्सियस
1 अप्रैलः 32 डिग्री सेल्सियस

जिले में बुधवार दोपहर को मौसम अचानक बदल गया। करीब तीन बजे के बाद तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हुई, जो रूक_रूक एक घंटे तक जारी रही। इस दौरान चने के आकार के छोटे_छोटे ओले भी गिरे। बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई। लेकिन किसानों की चिंता बढ़ गई। खेतों में पककर तैयार गेहूं की फसल इस बारिश से प्रभावित हुई है। तेज हवाओं के कारण कई जगह गेहूं की फसल आड़ी पड़ गई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश जारी रही तो उन्हें बड़ा नुकसान हो सकता है। गेहूं की चमक कम हो जाएगी और नमी बढ़ने से सही दाम नहीं मिलेंगे। कृषि विभाग के उप संचालक आरआर पांडे ने बताया कि जिले के तीनों ब्लॉकों में करीब 90 प्रतिशत फसलों की कटाई हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बारिश से गेहूं की चमक पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, हालांकि कुछ जगह हवा से फसल आड़ी हुई है।



### तापमान में गिरावट, गर्मी से मिली राहत

जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले की तुलना में दो डिग्री सेल्सियस अधिक था। मंगलवार शाम 7 बजे के बाद से ही मौसम का मिजाज बदल गया था, आसमान में काले घने बादल छा गए थे। इस दौरान इछवार सहित अन्य स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई थी। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई।

### एक-दो दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि यह बदलाव वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के कारण हुआ है। विभाग ने अगले एक-दो दिन तक मौसम ऐसा ही रहने की संभावना जताई है। मौसम में आ रही नमी के कारण आगामी कुछ दिनों तक शाम के समय मौसम का मिजाज बदला हुआ रह सकता है।

### 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

मार्च माह की शुरुआत से लेकर 31 तारीख तक पूरे महीने मौसम काफी गर्म रहा था। इस दौरान अधिकतम तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ था। हालांकि, महीने के अंतिम दिनों में मौसम ने अचानक करवट ली और आज एक अप्रैल को 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं और काले घने बादलों के कारण बीते 24 घंटे में लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है।



### खेतों में कटकर रखी फसल की क्वालिटी हुई खराब



बेमौसम बारिश से खेतों और खलिहानों में कटी रखी फसल के भीगने से फसल की क्ववालिटी पर पर आसर पड़ेगा। साथ ही ओलावृष्टि से भी कई गांव में फसलों को नुकसान हुआ है। ग्राम चंदेरी के किसान एमएस मेवाड़ा ने बताया कि कई गांव में ओले गिरने से किसनों की फसलें आड़ी होने से नुकसान हुआ है।

## जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित, राजस्व मंत्री ने शत-प्रतिशत नामांकन पर दिया विशेष जोर

**सीहोर।** एमएलबी स्कूल में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिह वर्मा ने जिला स्तरीय "स्कूल चलें हम अभियान-2026" का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय तथा कलेक्टर बालागुरू के सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से कहा कि जिले में शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित किया जाए और यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि शिक्षित बच्चे ही सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे समय पर स्कूल पहुंचे और पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया तथा अभिभावकों, शिक्षकों तथा संबंधित विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट अंक हांसिल कर स्कूल का नाम रोशन करने वाली छात्रा तनु परमार को सांकेतिक रूप से स्कूटी की चाबी तथा लैपटॉप राशि का प्रमाण पत्र एवं पूजा भिलाला को लैपटॉप की राशि का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही साइकिल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को पुस्तकें भी वितरित की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डीपीसी रमेश राम उइके, सन्नी गौरव महाजन, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति, प्रीतेश राठौर, सोलंकी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा जिले के सरकारी स्कूलों के 210 प्रतिभावन बच्चों को स्कूटी की राशि दी गई है तथा उनके द्वारा स्कूटी खरीद ली गई है। इसी प्रकार जिले के 2752 बच्चों को लैपटॉप की राशि वितरित की गई है और लगभग 7500 बच्चों को साइकिल का वितरण किया जा चुका है।




## अपने किए कर्मों के परिणाम हमें ही भोगना पड़ेगा : मुनिश्री संस्कार सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुनिश्री संस्कार सागर महाराज छुल्लक कमल सागर महाराज ससंघ संत भवन मे विराजमान है । प्रतिदिन प्रातः मुनिश्री के सानिध्य मे श्रध्दालु भगवान महावीर की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा नित्य नियम पूजन अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे है।

इसके बाद धर्म सभा में श्रध्दालुओं को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान कहां कि घर घर चर्चा रहे धर्मकी सात कर्मों का बंध प्रविक्षण चल रहा है। आयु का बंध हो जातीट तो उसको टाला नही जा सकता हमारी कितनी आयु शेष है ये किसी को नहीं पता-परिणामों को हर समय सम्हालने की आवश्यकता हैं हर समय अपने परिणामो को धर्म में लगाकर रखो। तुम्हारा हित होगा।। आत्म हत्या बहुत बड़ा महापाप है , गुरु से आशीवाद लेना कि हम ये पाय कभी न ही करेगें। स्वाध्याय प्रतिदिन करना, चाहिए। जो भी साता असाता कर्म आते है. वें हमारे पाप पुण्यकर्म के द्वारा आते है। अपने किए कर्मो के परिणाम हमे ही भोगना पड़ेगा । दुसरा-नही भोगेगा। स्वयं को बदलो। पांच विषयों के प्रति परिवार के प्रति हम काम करते है। हमारे परिणामों को हम स्वंय जानते है। दोपहर मे स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा में श्रध्दालुओं ने ज्ञानार्जन किया। संध्या को गुरु भक्ति संगीतमय आरती भजन कीर्तन कर भगवान का स्मरण किया।




**स्कूल परिसर वार्ड नंबर 19 में आयोजित किया गया सम्मान समारोह**

## तीसरी आंख आपकी कार्यशैली को देखती है खरे उतरने पर ही पद देती है भाजपा : प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाजपा की तीसरी आंख कार्यकर्ता की कार्यशैली और चरित्र पर नजर रखती है। कर्तव्य समर्पण जनसेवा अनुशासन होने पर ही भाजपा पद प्रदान करती है। पद का मान सम्मान और मर्यादा को बनाए रखना कार्यकर्ता का काम है उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियो के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कही। उन्होंने कहा कि बड़े नेता की परिक्रमा आपको एक बार पद दिला सकती है लेकिन आप खरे नहीं उतरे तो अगली बार आप बाहर हो जाएंगे।

नगर पालिका अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 19 के प्रथम जन सेवक पार्षद नरेंद्र राजपूत मित्र मंडली के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला व मंडल पदाधिकारियो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता जिला मंत्री प्रीति सोनी जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत,जिला कोषाध्यक्ष हेमलता विजेंद्र परमार, जिला कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण एवं प्रज्ज्वलित कर किया गया। पार्षद नरेंद्र राजपूत के नेतृत्व में दोनों मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियो के द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर अंगवस्त्र और फूल मालाए पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। अतिथियों ने मंडल क्रमांक एक के उपाध्यक्ष संदीप कुशवाह, अक्षय राज्य सिंह चौहान, विजय यादव, अर्चना लखन चौरसिया, निक्की भावसार, शुभम राठौड़, मंत्री निर्देश पाटीदार, महेंद्र मेवाड़ा शिवम गुप्ता, अनुराग मिश्रा, हेमंत यादव, ज्योति मालविया, महामंत्री अमित निखरा, सीमा सक्सेना, कोषाध्यक्ष शुभम यादव, कार्यालय मंत्री बंटी प्रजापति, मीडिया प्रभारी पवन बोयत और मंडल क्रमांक 2 के उपाध्यक्ष आशीष राजोरिया, नितेश राठौर, हर्ष ताम्रकार, ओमप्रकाश रैकवार, बरसा जितेंद्र यादव, महामंत्री अंकित राठौर, नीरज जाटव, मंत्री संजय मिश्रा, घनश्याम सेन, गोविंद मीणा, विशाल किरार, संध्या मालवीय, पवित्रा सन्नी चौरसिया, करेले मंत्री प्रवेश राठौर, रोहित राठौर, कोषाध्यक्ष अर्चना चौहान का सम्मान स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र भेंटकर फूल माला पहना कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशांत राठोर और आभार पार्षद नरेंद्र राजपूत ने व्यक्ति किया सामूहिक भोजन के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।





## धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव



**सीहोर।** इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया किया जाएगा। मंगलवार को भव्य चल समारोह में शामिल होने का प्रथम आमंत्रण पत्र विप्रजनों के द्वारा शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित प्राचीन गणेश मंदिर पर पहुंचकर भगवान गणेश को समर्पित किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष राजेश शर्मा, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, युवा अध्यक्ष रजत व्यास, चल समारोह युवा अध्यक्ष तनिष त्यागी आदि बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार शहर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। ब्राह्मण समाज के द्वारा शहर के सभी कालोनी और सेक्टरों में आगामी दिनों में बैठक का आयोजन किया जाएगा। समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित और पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि भगवान की जयंती आगामी 20 अप्रैल को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 26 अप्रैल को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बुधवार से शहर के खजांची लाइन पर शाम पांच बजे विप्रजन एकत्रित होकर आमंत्रण का वितरण करेंगे।

## खबर संक्षेप



### जबाज फाइटर कभी रिटायर नहीं होता:राय

**सीहोर।** विधायक सुदेश राय ने सेवानिवृत हुए फौजी बालकृष्ण पंवार को सैल्यूट किया। भारतीय सेना में वर्ष 2003 में महाराष्ट के अहमद नगर से प्रशिक्षण प्राप्त कर भर्ती हुए सीहोर के बालकृष्ण पंवार सेना में 23 साल सेवा देने के बाद 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत हुए। पंवार की सेवानिवृती पर परिजनों मित्रों के द्वारा सुंदर भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने सेवानिवृत हुए फौजी बालकृष्ण पंवार को फूल मालाऐं पहनाई और आगामी जीवन के लिए बधाई शुभकानाऐं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि भारतीय सेना का जबाज फाइटर कभी रिटायर नहीं होता है। हम यह सुरक्षित होते है क्योंकी बार्डर पर है फौजी होता है। फौजी की जंग कभी समाप्त नहीं होती है सेना में देश की सेवा करने के बाद अब सेवानिवृत्त का जीवन फौजी समाज की सेवा में बिताता है यही हमारे फौजियों की सच्ची देश भक्ती है। सेवानिवृत बालकृष्ण ने बताया कि पहली पोस्टिंग अहमद नगर में हुई जिस के बाद देश के अनेक राज्यों में ड्यूटी की और सकुशल सेवानिवृति हो गई। कार्यक्रम मे दीपिका पंवार, अम्बर मालवीय, जितेंद नारोलिया, हेमंत दरबार आदि शामिल रहे।

### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित



**सीहोर।** मंगलवार को शा सांदीपनि विद्यालय मनुबेन मंडी सीहोर में प्राचार्य दीपसिंह राठौर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर समस्त स्टाफ द्वारा धूम धाम से सम्मान समारोह व स्नेह भोज का आयोजन किया गया इस अवसर पर राठौर समाज के अध्यक्ष चंदर सिंह राठौर, कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बाबा, राजकुमार राठौर, राकेश राठौर तथा प्राचार्य के परिवार के सदस्य एवं उपप्राचार्य प्रकाश सगवालिया,प्रधान अध्यापक रेखा रानी सिंह, रेखा चौहान डा संध्या मिश्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए विभिन्न शिक्षकों द्वारा प्राचार्य के कार्यों की प्रशंसा की गई । प्राचार्य द्वारा विधालय को अच्छे से संचालित करने व विभिन्न क्षेत्रों में विधालय को उल्लेखनीय सफलता दिलाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में संस्था को विशेष पहचान बनाने के लिए सम्मानित किया गया । संस्था की ओर से अभिनंदन पत्र पढ़कर सुनाया गया व प्रदान किया गया इस अवसर पर वार्ड नंबर 23 के पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्राचार्य द्वारा विधालय में कराये गये कार्यों की सराहना की अंत में ढोल बाजे के साथ बग्गी में बैठाकर डांस और नाचते हुए खुशी खुशी श्री राठौर को विदाई दी गई ।

## जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव पर्व

# छात्रों को साइकिल, पुस्तकें वितरित की, नवाचार व श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षकों की नहीं है बल्कि अभिभावकों की भी है। पालक बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के साथ ही उन्हें पढ़ाई को लेकर प्रोत्साहित करें: विष्णु करण सिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



स्कूल चलें हम अभियान के तहत बुधवार को मॉडल स्कूल प्रांगण में जनपद स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद क्षेत्र के स्कूलों से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होने वाले छात्रों तथा शिक्षण में नवाचार अथवा श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को शील्ड व शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। साथ ही लाभार्थी छात्रों को निशुल्क साईकिल और पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गई।

आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा नेता विष्णु करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । जंप अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश पटेल , जनपद शिक्षा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जयसवाल , नपं अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षकों की नहीं है बल्कि अभिभावकों की भी है। पालक बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के साथ ही उन्हें पढ़ाई को लेकर प्रोत्साहित करें। उन्हें लक्ष्य निर्धारित करने एवं उसे हासिल करने के विकल्प चुनने की आजादी दें। बीआरसी श्री दुबे ने स्कूल में संचालित शासन की निःशुल्क सायकल, गणवेश , पाठ्य-पुस्तक , एमडीएम , स्कालरशिप आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में श्री सुराना, जयसवाल, देवेंद्र वर्मा , मॉडल स्कूल प्रभारी लखनलाल दुगारिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मनोज राठौर ने किया जबकि बीईओ एम एस नेटी ने आभार माना।

### गणमान्य लोग हुए शामिल

आयोजित कार्यक्रम में बीईओ एम एस नेटी , बीआरसी सुभाष चन्द्र दुबे , नपं सीएमओ धर्मराज यादव , बीएसी शैलेन्द्र ठाकुर, महेंद्र सिंह सिसौदिया, अशोक मालवीय , नरेंद्र सोलंकी, घनश्याम वर्मा, अनिल कलमोदिया, मनोज राठौर, सीएसी महेश राठौर, धरमसिंह वर्मा , देवेन्द्र पटेल , महेश मालवीय , चंदरसिंह ठाकुर , अतुल सेन , कमलसिंह मालवीय, बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

**प्रतिभाओं को किया सम्मानित :** कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षा क्षेत्र में नवाचार व उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शील्ड व शाल - श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में चयनित होने वाले छात्र आयुष पिता मुकेश मिडिल स्कूल नादान , एकांत वर्मा पिता महेंद्र वर्मा प्रायमरी स्कूल पांगरा , अंश मालवीय पिता नरेश मालवीय प्राथमिक शाला मोहनपुर लेंडी, रागिनी पिता धर्मेंद्र सिरोलिया प्रायमरी शाला अमलाह एवं मिडिल स्कूल कनेरिया की छात्रा योगिता मीणा को ओलंपियाड में चयन होने तथा विज्ञान/ कला प्रदर्शनी में प्रतिज्ञा पिता विमलेश मालवीय, लता नाथ पिता भरत नाथ का पर्यावरण, ज्योति बारेला पिता सुरेश बारेला एकल गायन में चयन होने पर सभी छात्र-छात्राओं को पुष्प माला और शील्ड भेंटकर पुरूष्कृत किया गया। इसी प्रकार शिक्षा क्षेत्र में नवाचार अथवा अध्यापन कार्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षक दयाराम सिसोदिया वीरपुर डेम , अर्जुनसिंह ठाकुर कनेरिया, महेश कुमार मालवीय उमरखाल , शिवप्रसाद वर्मा बीजाभेरू, मनोज कुमार वर्मा छापरी तालुक, सुंदर लाल विश्वकर्मा अलीपुर , सुनील कुमार कलमोदिया देहरिया मुकाती, शिवप्रसाद प्रजापति पटारिया सीधा , विजेन्द्र सिंह ठाकुर रामनगर, रविन्द्र कुमार संदीपनी इछावर को अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

### नवप्रवेशियों का तिलक लगाकर किया जाएगा स्वागत



**इछावर।** बुधवार 1 अप्रैल से सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है। पहले दिन स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। स्कूल आने वाले विद्यार्थियों विशेषकर नव प्रवेशी छात्र - छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया जाएगा। बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएगी। सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रम भी होंगे। स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल की विशेष साफ सफाई कराने के साथ ही सभी अनिवार्य इंतजाम किए जा चुके है। इसको लेकर पिछले दिनों संकुल स्तरों पर बैठक आयोजित कर बीईओ एम एस नेटी और बीआरसी सुभाष चन्द्र दुबे द्वारा मैदानी अमले को निर्देश दिए जा चुके है। अधिकारियों कहा कि स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कराई जाएं। शिक्षकों को बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करना होगा। चार अप्रैल को पालकों की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें अभिभावकों से नामांकन , उपस्थिति और पढ़ाई को लेकर चर्चा होगी। पहले दिन जनपद शिक्षा केंद्र के सभी प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में बालसभा होगी। प्रवेश उत्सव के दिन बच्चों को विशेष मध्यान्ह भोजन ( खीर , पूड़ी , सब्जी ) परोसा जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा पहली में उन्हीं बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा जिनकी उम्र 6 वर्ष पूरी हो चुकी है। कक्षा 2 से 8 तक के छात्रों का नामांकन स्वतः होगा। कक्षा 6 व 9 में प्रवेश के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक निकटतम स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे।

## एसडीएम ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन, बोलेः अच्छा अधिकारी ही नहीं, संस्कारी इंसान भी बनाती है शिक्षा



**भैरूंदा।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर बुधवार को तहसील भैरूंदा सहित जिलेभर के शासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के शासकीय सांदीपनि स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता से विद्यालय परिसर उत्सवमय नजर आया।

'स्कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर और मुंह मीठा कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय में कदम रखते ही बच्चों के चेहरों पर नई शुरुआत की खुशी साफ झलक रही थी। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश और साइकिलों का वितरण भी किया गया, जिससे उनकी शिक्षा को सहज और सशक्त बनाने की दिशा में प्रयास किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सुधीर कुशवाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अधिकारी बनने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को संस्कारी, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित विद्यालय आने और पढ़ाई के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। वहीं, अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के भविष्य के लिए सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम की एक विशेष पहल के रूप में विद्यालय परिसर में जल संवर्धन अभियान भी चलाया गया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने वृक्षों पर पक्षियों के लिए सकोरे लटकाकर उनमें पानी भरा, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। साथ ही विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में पशु-पक्षियों के लिए छोटे-छोटे जल पात्र भी रखे गए। कार्यक्रम में जलगंगा संवर्धन के तहत पक्षियों एवं गौवंश के लिए जल की व्यवस्था भी की गई।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, एसडीएम सुधीर कुशवाह, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, सुनील मल्लेश्वरी, कैलाश धावरे, प्रतिभा मकवाना, जपनद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, शिक्षा विकास खण्ड अधिकारी साक्षी जैन, अनीता लखेरा, इंदु मालवीय, रचना भारी, नीता अग्रवाल, पी एन पेठारी, ललित कीर, चंद्रशेखर शर्मा, प्राचार्य शैलेंद्र लोया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और समस्त स्टॉप , विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नवीन बालक हाई स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न



नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर नगर के नवीन बालक हाई स्कूल में बुधवार को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन गरिमामय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर नए सत्र की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में कराई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती चित्रलेखा के मार्गदर्शन में तैयार हस्तलिखित वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू अवध पटेल उपस्थित रहीं। उनके साथ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्रावण व्यास, शिक्षा विकासखंड अधिकारी, साक्षी जैन, ललित कीर, चंद्रशेखर शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार एवं शिक्षा के महत्व को आत्मसात कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### माध्यमिक शाला माना में हुआ प्रवेश उत्सव का आयोजन

**बुधनी।** शासकीय माध्यमिक शाला माना में प्रवेश उत्सव 2026 का आयोजन बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।प्रवेश उत्सव के अवसर पर मां सरस्वती जी का पूजन कर आयोजन की शुरुआत की गई,इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से साफ स्वच्छ कराया गया तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय वार्ड पार्षद,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पूर्व छात्र एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई विद्यालय के शिक्षकों ने घर-घर संपर्क कर बच्चों को स्कूल से जोड़ने का संकल्प लिया तथा अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रधान हरदयाल सिंह आजाद द्वारा बच्चों को पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री , चाकलेट,मिठाई ,पानी की बॉटल, इनडोर गेम्स भी प्रदान किए गए जिससे बच्चों में शाला के प्रति रुचि बढ़े कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष किरण यादव,स्थानीय वार्ड पार्षद गीता तेकाम,संस्था प्रधान हरदयाल सिंह आजाद ,शिक्षक बी एल धुर्वे,शाहजहां मंसूरी,शोभा सिरसवाल,सीमा मालवीय,एस एन दुबे,प्रीति भावसार ,आरती गौर सहित पालक उपस्थित रहे अंत में सभी ने मिलकर शिक्षा को बढ़ावा देने एवं शत-प्रतिशत नामांकन का संकल्प लिया।



### पीएमश्री विद्यालय में प्रवेशोत्सव धूमधाम से संपन्न



**भैरूंदा।** नगर के पीएमश्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर बुधवार को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण माहौल नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिभा रीतेश मकवाना मौजूद रहीं। उनके साथ पार्षद इंदू नितिन मालवीय, नीता अग्रवाल, श्रवण व्यास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी साक्षी जैन, ललित कीर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद मेहरा सहित जनप्रतिनिधि, पालकगण एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि श्रीमती मकवाना ने विद्यार्थियों से मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया। वहीं पार्षद इंदू मालवीय ने ईमानदारी और समर्पण के साथ शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। नीता अग्रवाल ने कहा कि पीएमश्री योजना के तहत विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी साक्षी जैन ने विद्यार्थियों से नियमित गणवेश में विद्यालय आने की अपील की, जिस पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहमति जताई। श्रवण व्यास ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि शासन द्वारा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन सारिका पाठक ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। अंत में प्रधानाचार्य राकेश वर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

### शा.मा. हसनाबाद में मनाया प्रवेशोत्सव



सीहोर। शैक्षणिक सत्र 2026-27 का प्रवेश उत्सव शासकीय माध्यमिक शाला हसनाबाद में मनाया गया इस अवसर पर ग्राम के मुखिया अखिलेश वर्मा सरपंच हसनाबाद पंचायत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया गया संस्था की छात्रों द्वारा भारतीय परंपरा अनुसार मुख्य अतिथि का तिलक किया गया। संस्था प्रभारी राजेश्वर तिवारी के द्वारा मुख्य अतिथि अखिलेश वर्मा को माला पहनकर उनका स्वागत किया है। इस आयोजन में नव प्रवेशी छात्राओं को माला पहनकर और पुस्तक के वितरण कर प्रवेश दिलाया गया कार्यक्रम में सभी उपस्थित छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पेन और कंपास का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीति राठौर के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के अंत में सभी धर्मेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शेवता सिंह, अनिल पुराविया,गौरव राठौर, सचिन सोननीय , अनूप सोननीय, आदि उपस्थित रहे।

## नगर में दौड़ेगा विकास का पहिया, मूलभूत सुविधाओं को मिलेगी प्राथमिकता

# नगर परिषद का 63.38 करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 63 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। मंगलवार को आयोजित परिषद के साधारण सम्मेलन में नपा अध्यक्ष मारूति शिशिर की अध्यक्षता में सभी पार्षदों की मौजूदगी में बजट को मंजूरी दी गई।

बैठक की शुरुआत मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बजट प्रस्तुतीकरण से हुई, जिसमें आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा परिषद के समक्ष रखा गया। प्रस्तावित बजट के अनुसार परिषद की अनुमानित आय 63 करोड़ 38 लाख 64 हजार रुपए और व्यय 63 करोड़ 38 लाख 17 हजार 300 रुपए रखा गया है। बजट में 46 हजार 700 रुपए की मामूली बचत भी दर्शाई गई है।

**मूलभूत सुविधाओं पर रहेगा जोर :** इस बार के बजट में नगर की आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने, शहर की प्रकाश व्यवस्था सुधारने, साफ-सफाई को नियमित रखने और सड़कों व नालियों की मरम्मत जैसे कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। परिषद का लक्ष्य है कि इन सेवाओं को बेहतर बनाकर नागरिकों को सीधी राहत दी जा सके।

**21 प्रस्तावों पर चर्चा, विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार :** बैठक के दौरान कुल 21 विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनमें नगर विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न प्रस्ताव शामिल रहे। विशेष रूप से पेयजल आपूर्ति और निर्माण कार्यों के लिए निविदा दरों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे आगामी समय में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

**आय के नए स्त्रोतों पर भी ध्यान :** नपा अध्यक्ष मारूति शिशिर ने कहा कि परिषद ने आय बढ़ाने के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं। शहर में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कर नए राजस्व स्त्रोत विकसित किए गए हैं, जिससे निकाय की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

**जनसुविधाओं के विस्तार की प्रतिबद्धता :** उन्होंने बताया कि स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, पेयजल आपूर्ति, सड़क व नाली निर्माण, बस स्टैंड पर प्रतीक्षालय और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया गया है। हमारा हर प्रयास नगर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रहेगा।

**जनभागीदारी से विकास को मिलेगा बल :** बैठक में नपा उपाध्यक्ष, प्रतिभा रितेश मकवाना सभी पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रसाद भंवरे सहित नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। परिषद ने उम्मीद जताई कि बजट के प्रभावी क्रियान्वयन और जनभागीदारी से शहर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर में मनाया प्रवेशोत्सव पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर में माँ सरस्वती पूजा अर्चना की गई। बच्चों को तिलक हार फूल से स्वागत कर प्रवेश उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर बच्चों की दादी, मम्मी,पापा, एसएमसी अध्यक्ष पर्वत सिंह, उपाध्यक्ष रेखा मालवीय सदस्य वर्षा भारती,विजेंद्र, बबली, प्रीति, चंद्र कला, आरती ,निशा, राजेश परमार, केदार सिंह, रेखाताराचंद ,रिंकू, मधु, आदि का भी शाला परिवार द्वारा अभीवादन किया गया,नर्सरी में पांच, कक्षा पहली मैं आज सात बच्चों को प्रवेश दिया गया। आज बच्चों एवं पालकों के लिए बच्चों की इच्छा नुसार फुलकी ,चाऊमीन पार्टी का आयोजन शाला परिवार किया गया। इससे बच्चों के दादी, मम्मी, पापा को बचपन याद ताजा हो गई। शाला से शिक्षक सतीश त्यागी, गोवर्धन सिंह, सरिता ठाकुर, प्रार्थना गुप्ता, साक्षी पालीवाल एवं बच्चे, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

गरीबों की आशा टूटी, टारगेट पूर्ण होने से निराश हो रहे आवेदनकर्ता

# अब जिलेभर में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में होंगे सिर्फ 200 विवाह




## सारंगपुर को मिला 65 का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में इस बार राजगढ़ जिले में सिर्फ 200 विवाह करने का ही टारगेट सामने आया है। जिसके चलते सारंगपुर जनपद में सिर्फ 65 आवेदन लेने का ही टारगेट मिला है। ऐसे में क्षेत्र के हजारों गरीब लोगों की मुख्यमंत्री कन्यादान के तहत विवाह करने वालों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। इस योजना के तहत शासन की ओर से पहली बार टारगेट फिक्स किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा यह योजना लागू की गई थी तब से लेकर आज तक कोई टारगेट नहीं था। इससे पहले समय सीमा के दौरान जो भी आवेदन लिए जाते थे वो स्वीकार होते थे। लेकिन इस बार योजना के तहत जनपद पंचायत सारंगपुर में 19 अप्रैल को होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना विह के लिए अंतिम तारीख 10 अप्रैल रखी गई थी। लेकिन टारगेट पूरा होने पर तय तारीक से पहले ही आवेदन लेना बंद कर दिया गया।

### टारगेट पूरा होने पर अब गरीब हो रहे निराश

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में जनपद पंचायत पर आवेदन नहीं लेने के चलते क्षेत्र के हजारों गरीब लोग निराश होकर घर लौट रहे हैं। अब स्थिति ऐसी बन रही कि कई लोग अपने नेता एवं जनप्रतिनिधि के चक्कर लगा रहे हैं। जनपद पंचायत में सामाजिक कल्याण विभाग अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो टारगेट था वह हमने पूर्ण कर लिया है अब हमने बाहर नोटिस लगा दिया है कि टारगेट पूर्ण हो चुका है। इसके बाद कोई आवेदन नहीं लिए जाएंगे। अब आमजन में असंतोष और चिंता का माहौल बन गया। योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किए थे, लेकिन सीमित टारगेट के चलते कई आवेदनों को वापस किया जा रहा है। इससे दूर-दराज से आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद कार्यालय में इन दिनों आवेदकों की भीड़ देखी जा रही है।

लोगों का कहना है कि योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सरल बनाना है, लेकिन सीमित संख्या के कारण वास्तविक पात्र भी वंचित रह जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि टारगेट बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। वहीं, कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पहले से स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के कारण उन्होंने समय और पैसे दोनों का नुकसान उठाया है। इस स्थिति के चलते योजना की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों के बीच चर्चा है कि योजना की हवा निकल गई क्योंकि जिस उम्मीद से आवेदन किए गए थे, वह पूरी नहीं हो पा रही है। अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले निर्णय पर टिकी हैं। यदि समय रहते टारगेट नहीं बढ़ाया गया, तो कई पात्र परिवार इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित रह सकते हैं, जिससे जन असंतोष और बढ़ने की संभावना है।

### इनका कहना है...

जनपद पंचायत वालों ने कार्यालय के बाहर दीवार पर नोटिस चस्पा कर रखा है, लेकिन फिर भी हमने अधिकारियों से बात की तो उन्होंने टारगेट पूरा होने की बोलकर आवेदन लेने से मना कर दिया।

**जावेद लाला,** निवासी सारंगपुर।

हमारे बच्चों की शादी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जमा करने के लिए जनपद पंचायत में गए थे, वहां पर टारगेट पूरा होने पर बोला की आप आवेदन कई दूसरी जगह से कर दो।

**मुशरा अंसारी,** निवासी सारंगपुर।

इस योजना के तहत जिलेभर का 200 का टारगेट है, जिसमें हमारे पास में सिर्फ 65 का मिला है जो पूरा हो गया। आगे वरिष्ठ अधिकारियों से जो दिशा निर्देश होंगे उसका पालन करेंगे।

**हेमेंद्र गोविल**
जनपद पंचायत सीईओ सारंगपुर।

दोनों पक्ष की शिकायतों का समाधान कराया

# संकल्प से समाधान अभियान शिविर में 34 शिकायतों का मौके पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

स्थानीय पुलिस थाना परिसर में संकल्प से समाधान अभियान के तहत एक विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बुलाकर वरिष्ठ कार्यालय की 12 शिकायतों और स्थानीय स्तर की 22 शिकायतों कुल 34 शिकायतों का मौके पर ही आपसी समझाइश से त्वरित निराकरण किया गया।

पुलिस प्रशासन की यह पहल नागरिकों की समस्याओं को या लम्बे समय से आपस में चल रहे विवाद मामुली बातों को लेकर होने वाली कहासुनी इत्यादि को सुलझाने की महत्वपूर्ण पहल है। शिविर में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने उपस्थित होकर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प समाधान शिविर एक ऐसा शिविर है जिसमें समय की बर्बादी नहीं हो, और समय के साथ-साथ धन को भी बर्बादी से बचाया जा सकता है क्योंकि इस शिविर से तत्काल मौके पर समाधान हो रहा है इसलिए हमें कोर्ट कचहरी के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ता है।

इस अवसर पर तहसीलदार आरपी सिंह गौंड, एसडीओपी डीएस नागर, थाना प्रभारी आदित्य सोनी, उप निरीक्षक संतोष सिंह, उप निरीक्षक एफ कुजूर एएसआई मधुसूदन शर्मा, एएसआई जगदीश यादव सहित पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में दोनों पक्ष की शिकायतों का समाधान कराया गया।

# गैस की बढ़ी कीमतों और थोपे जा रहे बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कुरवाई।** कुरवाई के बीना तिराहे पर सोमवार को कांग्रेसियों ने गैस की खाली टंकी रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेत्री रानी अहिरवार ने कहा कि भाजपा की सरकार अडानी अंबानी की सरकार है। उनके इशारे पर चलने वाली सरकार है। इजराइल ईरान और अमेरिका में युद्ध हो रहा है जिसकी आड़ में सरकार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने का काम कर रही है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हसरुदुद्दीन खान ने कहा की भाजपा सरकार की वजह से हम वापस पुराने दिनों में पहुंच गए। अच्छे दिन तो आए नहीं लेकिन गैस सिलेंडर की किल्लत से वापस चूल्हे और भट्टी वाले दिन आ गए। जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाकर मनमाने बिल वसूल किए जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख डॉ. वी.बी. खरे द्वारा सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता साहू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा इससे संबंधित विभिन्न योजनाओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने जल के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

साथ ही प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा सौम्या शर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बीए तृतीय वर्ष के विजय कुमार भिलाला तथा तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष के हरिओम दांगी ने हासिल किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर सीमा सिंह, प्रोफेसर रजनी खरे एवं प्रोफेसर आभा आनंद शामिल रहे, जिन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार के ऊपर गिरी बिजली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोमवार शाम को चली तेज हवा और आंधी बारिश के साथ राधानगर में भारत गैस गोदाम के पास आकाशीय बिजली के गिरने से शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे दो बाइक सवार युवकों में से एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा पूरी तरह से झूलस गया। कस्बा पटवारी सहजाद खान मन्सुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि निजाम पिता कादर खान निवासी सिया तहसील नलखेड़ा अपने साथी के साथ बाइक से शैरपुरा अपने रिश्तेदार के यह शादी समारोह मे शामिल होने जा रहा था तभी आंधी तूफान और बारिश होने की वजह से ग्राम राधानगर से थोडा आगे भारत गैस गोदाम के पास आगर रोड पर एक पेड़ के नीचे निजाम व उसका साथी दोनों रुक गए तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से निजाम पिता कादर खान निवासी सिया तहसील नलखेड़ा की मौत हो गई तथा एक अन्य साथी बेहोश हो गया जिसे एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लाया। जहां बेहोश साथी को होश आ गया निजाम के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। पटवारी ने पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारी को भेजी।

जनसुनवाई में आए 69 आवेदन

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं



**ब्यावरा।** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आयोजित जनसुनवाई में ग्राम गेहूंखेडी तहसील पचोर निवासी रचना कुवंर ने बताया कि आवेदिका के पति धर्मेन्द्र सिंह होमगार्ड पचोर थाने में पदस्थ रहते हुए 14 नवंबर 2023 को एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई। जिस पर कलेक्टर द्वारा होमगार्ड कमांडेंड राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम राजलीबे निवासी हजारीलाल ने बताया कि आवेदक की पैतृक भूमि रामगंज मण्डी से भोपाल रेल्वे लाईन में जाने के उपरांत आज दिनांक तक मुआवजा राशि नहीं मिली है। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है। कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। तहसील पचोर निवासी कालूराम ने बताया कि आवेदक को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। आवेदक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। कलेक्टर द्वारा सीएमओ पचोर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

ग्राम करनवास निवासी निर्मला जाटव ने बताया कि आवेदिका को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवेदिका के पति की मृत्यु हो गई है। आवेदिका मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करती है। कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम जामी तहसील ब्यावरा निवासी दुलीचन्द वर्मा ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि मिली है। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्यावरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर 69 आवेदन प्राप्त हुए।

# अग्निपथ योजना में अग्निवीर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक होंगे आवेदन

**ब्यावरा।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा बताया गया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती हेतु अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 है। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथियां 1 जून से 15 जून 2026 के बीच निर्धारित की गई हैं। परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। यह भर्ती प्रक्रिया मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, हरदा, गुना सहित अन्य अधिकृत क्षेत्रों के स्थायी निवासियों के लिए आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी है तथा इसमें किसी प्रकार की सिफारिश या रिश्वत का कोई स्थान नहीं है। अभ्यर्थियों को फर्जी एजेंटों और भ्रामक दावों से सावधान रहने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल से संपर्क कर सकते हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले लाठी और डंडे, विवाद में 7 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




लीमाचौहान थानांतर्गत आने वाले गांव खजूरी घाटा में मंगलवार को पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। जिसमें चले लाठी-डंडों के हमले में दोनों पक्ष से 7 लोग घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक भिलाला समाज के लोगों में दो पक्षों में पुराने विवाद को लेकर आमने-सामने हो गए है। जिसमें एक पक्ष के 4 लोग घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के 3 लोगों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को तत्काल सारंगपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए क्रॉस केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

# जैन समाज ने महावीर जयंती पर निकाला चल समारोह



**खुजनेर।** जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जयंती के पावन अवसर पर नगर में चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर शहर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला चल समारोह की शुरुआत प्रातः विधि-विधान के साथ भगवान महावीर की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद सुसज्जित रथ पर भगवान महावीर की आकर्षक झांकी सजाई गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन, महिला-पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए, जो भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। चल समारोह को विभिन्न स्थानों पर समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कई जगहों पर जलपान की व्यवस्था भी की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और प्रेम के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया। इस आयोजन को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह देखा गया और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग रहा।

विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया प्रोत्साहित

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त के मार्गदर्शन में विवेकानंद शिक्षा एवं बाल विकास समिति ब्यावरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय (सीबीएसई) में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सचिव मुकेश सेन ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सह-सचिव प्रीती गौतम एवं समिति सदस्य निमिता जैन ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षावार सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहिनों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों के चेहरों पर सम्मान प्राप्त करने की खुशी स्पष्ट झलक रही थी।

कार्यक्रम का संचालन सीमा दांगी ने प्रभावी ढंग से किया, वहीं अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र सिंह झाला द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की आचार्या प्रीति शुक्ला ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि दिलीप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक परीक्षा परिणाम वर्षभर की मेहनत का प्रतिबिंब होता है, इसलिए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बनाना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे सचिव मुकेश सेन ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारों का भी विशेष महत्व है, जहां विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति की भावना से भी ओतप्रोत किया जाता है।कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं प्रेरणा के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

# पुष्पद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया प्याऊ का शुभारंभ



**सारंगपुर।** श्री सांई सेवा समिति के तत्वावधान में समिति के सदस्य स्व. लीलाधर पुष्पद की दसवीं पुण्यतिथि पर देवरिया परिवार ने राहगीरों के लिए निःशुल्क शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी यह सेवा कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री गौतम टेटवाल द्वारा दीप प्रज्वलन, पूजन एवं फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने स्वर्गीय इल्लु पुष्पद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्ती जलाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी, जय हिंद दुबे, लक्ष्मीनारायण त्रिकार, राजेंद्र टेटवाल, दिनेश विजयवर्गी, राधेश्याम राठौर, भोनू सिंह पुष्पद, डॉ. हेमेंद्र सिंह सोलंकी, संतोष पुष्पद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

साईं सेवा समिति के संस्थापक महेश प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष करन ठाकुर, विकास वर्मा, अर्जुन प्रजापति, महेश सोनी एवं अन्य सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने देवरिया परिवार द्वारा किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## खबर संक्षेप

### आठ मई तक किया जाएगा रुद्र महायज्ञ

**सीहोर।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक मंदिरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। अब अप्रैल से मई तक यज्ञ, संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में सीहोर बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में 19 अप्रैल से श्रीराम महायज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा ग्राम कुलाश में 25 अप्रैल से एक मई, ग्राम मऊाखेड़ी में दो मई से आठ मई और रामा खेड़ी में मारुति नंदन महायज्ञ भी दो मई से आठ मई तक आयोजित किया जाएगा। ग्राम मऊाखेड़ी तकीपुर में आगामी दो मई से आठ मई तक होने वाले रुद्र महायज्ञ के पूर्व ध्वजारोहण के अलावा भूमि पूजन का कार्य यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया है। इस मौके पर प्रधान यजमान के रूप में जगदीश मंदिर चल समारोह के पूर्व अध्यक्ष सुरेश परमार गब्बर ने तीन लाख 11 हजार की राशि महोत्सव में सहयोग करेंगे। इसके अलावा संपूर्ण ग्राम अपनी ओर से सहयोग कर रहा है। समस्त ग्राम के सहयोग से ग्राम मऊाखेड़ी में रुद्र महायज्ञ के साथ भगवान शंकर की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा दिव्य अनुष्ठान समापन किया जाएगा। इस मौके पर प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। पंडित कटारे ने बताया कि हमारे ब्रह्मलीन पिता श्री द्वारा करीब 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है और करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन है। पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक मंदिरों का जीर्णोंद्धर किया गया है। मंदिरों का जीर्णोद्धार सनातन धर्म की रक्षा, आध्यात्मिक ऊर्जा के पुनर्स्थापन और सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने का एक पवित्र कार्य है।

ग्रामीण क्षेत्रों के हाई स्कूल, माध्यमिक और प्राथमिक शालाओं में मनाया प्रवेश उत्सव

# कहीं बांटी किताबें और साइकिल तो कहीं पर विद्यार्थियों को कराया विशेष भोजन

विद्यालय में आने वाले बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियां करने किया गया प्रेरित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद/जावर



एक अप्रैल को खाचरोद क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल रोलागांव, प्राथमिक शाला रोलागांव, माध्यमिक शाला बड़कोला, माध्यमिक शाला रामपुराकला, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला आवली खेड़ा, माध्यमिक शाला खाचरोद, प्राथमिक शाला खाचरोद, हाई स्कूल नौगांव, प्राथमिक शाला नौगांव आदि स्कूलों में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन वंदन किया गया। उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ ही निशुल्क पाठ्यपुस्तक, निशुल्क साइकिल का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य महेश वर्मा ने विद्यार्थियों को नवीन सत्र 2026 -27 की शुभकामनाएं दी। साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही विद्यार्थियों के लिए विभिन्न योजनाए जैसे निशुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल, स्कॉलरशिप, लैपटॉप आदि योजनाओं से अवगत कराया। वहीं विद्यार्थियों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए और विद्यालय में आने के पश्चात शैक्षणिक गतिविधियां करने हेतु प्रेसित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक गंगाराम मालवीय द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस मौके पर संस्था प्राचार्य महेश वर्मा, शिक्षक हरि सिंह पेरवाल, भारत महेश्वरी, कैलाश चंद्र रेकवाल, राकेश सोलंकी, अभय सिंह ठाकुर, तेजसिंह ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर, मृणाल मंजरी मिश्रा, संतोष सोनी, सुनील कुमार, शंकर सिंह, दरियाव सिंह, प्राथमिक शाला हेड मास्टर आवली खेड़ा बद्री प्रसाद वर्मा, माध्यमिक शाला हेडमास्टर लाखन सिंह ठाकुर, शोभाराम जमरा, माध्यमिक शाला रामपुरा कला हेडमास्टर दिनेश विश्वकर्मा, माध्यमिक शाला बड़कोला हेडमास्टर मांगीलाल सोलंकी, हाई स्कूल नौगांव प्राचार्य कृपाल सिंह ठाकुर, प्राथमिक शाला नौगांव हेडमास्टर शोभाल सिंह जायसवाल, बहादुर सिंह ठाकुर व सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

### माध्यमिक शाला कजलास में मनाया प्रवेश उत्सव



**जावर।** माध्यमिक शाला कजलास में प्रवेश उत्सव मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। जिसमें विशेष अतिथि के रूप में माध्यमिक शाला कजलास में पूर्व में अध्यनरत वर्तमान में शासकीय कर्मचारी पशु चिकित्सक अधिकारी के पद पर पदस्त माया बामनिया को आमंत्रित किया गया। मा शाला कजलास कि ओर से सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होने बताया कि में भी इसी स्कूल में पढ़ी हु, में आप लोगों की सफलता की खबर न्यूज पेपर के माध्यम से देखती रहती हु। मुझे बहुत खुशी होती है। मेरे स्कूल में पढ़ने वाले भाई बहिनो को सफल होते देख बहुत खुशी होती है। इस अवसर पर पुस्तक वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं को विशेष भोज के साथ साथ फल व मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान गोपाल सिंह ठाकुर, सुभाष शर्मा, लखन सोलंकी, डॉ माया बामनिया, सुनीता खत्री, दिनेश कुमार कलमोदिया, गजराज सिंह बागवान, राजेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा पर सियासत तेज, कांग्रेस का हमला

प्रेस वार्ता में लगाए आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

मध्य प्रदेश में महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर सियासत तेज हो गई है। हाल ही में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव कंचन शर्मा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं दिख रहे हैं।

महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। कंचन शर्मा ने आरोप लगाया कि कई मामलों में राजनैतिक पक्ष से जुड़े लोगों पर कार्रवाई नहीं होती, जिससे पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी होती है।

उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को कमजोर बताते हुए सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती छेड़छाड़ और हिंसा पर चिंता जताई। उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह और कुलदीप सिंह सेंगर जैसे मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ितों को लंबा संघर्ष करना पड़ता है। कांग्रेस ने संकेत दिए हैं कि यह मुद्दा आगे और जोर पकड़ेगा

### बीएसआई मैदान पर चार अप्रैल से शुरू होगा क्रिकेट प्रतियोगिता का महाकुंभ

**सीहोर।** शहर की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए आगामी चार अप्रैल से बीएसआई मैदान पर सीएम स्पोटर्स और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आठ टीमों के मध्य जबरदस्त मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए आयोजन समिति के चेतन मेवाड़ा ने एक सीमित का गठन किया है। जिसमें जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, अतुल कुशवाहा, गौरव पिचोनिया आदि को शामिल किया गया है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी चार अप्ैरल को सुबह आठ बजे लाल घाटी और सीहोर यंग स्टार के मध्य पहले मैच से स्व. श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत की जाएगी। इसके अलावा दूसरा मैच रेहटी और अलअहमद क्रिकेट टीम के मध्य दोपहर एक बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता में आठ टीमों को शामिल किया गया है।

# विद्यार्थियों को दी विदाई: आयुष जाटव बने मिस्टर मार्टिनेट और नियति तिवारी बनी मिस मार्टिनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आप का स्कूल जीवन भले ही आज समाप्त हो रहा है लेकिन आपका विद्यार्थी जीवन अभी बहुत बाकी है। आपके जीवन का अब नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है जिसमें आपको और बेहतर बनकर निकलना है एवं जीवन में कभी भी हमारी आवश्यकता लगे तो हमें अवश्य याद करें। उक्त उद्गार मार्टिनेट विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी द्वारा हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों के विदाई समारोह के दौरान व्यक्त किये गये।

उक्त आयोजन संस्था के संचालक नोशे खान के मुख्य आतिथ्य में नगर के गीतांजलि गार्डन में सम्पन्न हुआ। जिसकी मेजबानी कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा की गई और उन्होंने अपने सीनियर्स को प्रतीक चिन्ह और विद्यालयीन जीवन के सुनहरी यादो के साथ विदा किया। आयोजन में मिस्टर मार्टिनेट के रूप में आयुष जाटव मिस मार्टिनेट के रूप में नियति तिवारी को चुना गया तथा बेस्ट ड्रेसअप मेल का पुरस्कार सूफियान शेख और बेस्ट ड्रेसअपल फीमेल का पुरस्कार खदीजा कुलसुम को दिया गया। सभी विजेता का चयन जज के रूप में आमंत्रित नगर के सिविल हास्पिटल के आयुष विभाग की यूनानी डॉ. शाईनी अंजुम एवं नगर की डांसिग स्टार जयश्री सुराणा द्वारा विभिन्न राउंड की प्रतियोगिताओं द्वारा सभी का आकलन करके उनकी बुद्धिमत्ता की परख करते हुये किया गया।

आयोजन में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर्स के सम्मान में विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई जिसमें प्रस्तुत की गई स्किट नें सबका मन मोह लिया तथा सभी को भावुक कर दिया। आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य प्रीति त्रिवेदी, उप-प्राचार्य शिखा तिवारी सहित मैनेजमेण्ट टीम के अतुल जैन सुराणा, रेखा शर्मा, कुशल भूतिया, राखी यादव एवं रचना ठाकुर की के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक / शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। आयोजन का सफल संचालन कवि अतुल जैन सुराणा के साथ कक्षा 11 की छात्रा यशिका नामदेव तथा राधिका वर्मा द्वारा किया गया।

# भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्वेतांबर जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्वेतांबर जैन समाज द्वारा अत्यंत भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रातः सूर्योदय के साथ ही जैन श्रावक-श्राविकाएं सैकड़ों की संख्या में किला मंदिर एवं गंज मंदिर में दर्शनार्थ पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धा भक्ति के साथ श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा पूजन, विधान कर पुण्यार्जन किया। गंज मंदिर से मुनिश्री हर्षतिलक सूरीश्वर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में विशाल शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। कॉलोनी चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा शोभायात्रा में शामिल पूज्य मुनिश्री हर्षतिलक सूरीश्वर जी महाराज की चरण वंदन की।

शोभायात्रा में शामिल श्वेतांबर जैन समाज अध्यक्ष पवन सुराना, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश सुराना, कांग्रेस नेता विनीत सिंगी, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, चंद्रप्रकाश रांका, प्रभात धाड़ीवाल, नवनीत संचेती, राजा पारख, नगीन छाजेड़, प्रदीप धाड़ीवाल, नगीनचंद्र जैन एडव्होकेट, सचिन, गुलाबचंद सुराना, नितीन सुराना सहित श्वेतांबर जैन समाज के सभी समाजबंधुओं का स्वागत किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी समाजजनों को महावीर जयंती की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी जी ने सत्य, अहिंसा, त्याग, अपरिग्रह के सिद्धांतों पर चलने की शिक्षा दी थी। आज विश्व में चारों ओर युद्ध, तनाव एवं हिंसा का वातावरण निर्मित है। भगवान महावीर के सिद्धांतों का अनुसरण ही विश्व शांति के लिए इन जटिल समस्याओं का समाधान है। जैन धर्म का प्रमुख सिद्धांत जियो और जीने दो अनुकरणीय है। इस अवसर पर पार्षद एवं अखंड ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रवि शर्मा, सर्वेश उपाध्याय, राजेश शर्मा, मनीष पालीवाल, पत्रकार दिनेश शर्मा, नवीन शर्मा, विनीत त्रिवेदी, नीलेश शर्मा, बसंत पाठक, कैलाश शर्मा, संजीव दीक्षित, सोनू शर्मा, जितेन्द्र बुदासा आदि मौजूद थे।

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन संपन्न

# अभा सम्मलेन में देशभर से जुटे समाजजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का पांचवां निःशुल्क अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 मार्च को शहर के श्याम गार्डन में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से करीब 2000 से अधिक समाजबंधुओं की सहभागिता रही, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश जोशी रहे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया त्रिवेदी ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रानी व्यास, राष्ट्रीय महिला महामंत्री भारती तिवारी, प्रांतीय महामंत्री सुबोध शर्मा, प्रांतीय महिला अध्यक्ष प्रीति पुरोहित, महिला महामंत्री शीला शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक संजय शुक्ला, अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष धार स्वतंत्र जोशी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवास प्रयास गौतम, सूरत से देवकीनंदन उपाध्याय, गुजरात के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा, मध्यप्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष भेरूलाल शर्मा, इंदौर के योगेंद्र महंत (पूर्व मंत्री), देवास पार्षद दीपेश कानूनगो एवं पार्षद अर्पणा जोशी, उज्जैन के एडवोकेट आशीष उपाध्याय, आंध्र एवं तेलंगाना के प्रांतीय अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय, राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र शर्मा एवं पुरुषोत्तम शर्मा, फ्रीगंज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप तिवारी तथा आर.पी. मिश्रा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा महर्षि गौतम की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत समिति के संरक्षक कमलेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित पूरी टीम ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। महिला पदाधिकारियों का स्वागत चंचल व्यास, कविता शर्मा, संध्या आचार्य, अंकिता व्यास, प्रज्ञा व्यास और उषा मोदी द्वारा किया गया। स्वागत भाषण में प्रमोद व्यास ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के 21 समाजसेवियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें अशोक व्यास, डॉ. आर.के. शर्मा, केदार त्रिपाठी, विनोद शर्मा, चंद्रशेखर त्रिवेदी, शांतीलाल शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रवीण शर्मा (इंदौर), ओ.पी. दुबे (हरदा), रेखा शर्मा (उज्जैन), निर्मला तिवारी एवं डॉ. अरुणिमा सहित अन्य शामिल रहे। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण युवक-युवतियों का परिचय सत्र रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया।

# प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व प्रतिमाओं का कराया नगर भ्रमण, आज होगी स्थापना और भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर के सुदामा नगर स्थित लखन कुशवाहा के बगीचे में स्थित श्री बिल्वेश्वर महादेव मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिन बुधवार को प्रतिमाओं का विधिवत रूप से यज्ञकर्म और फलाधिवास, शैय्या अधिवास कार्यक्रम किए गए। इसके बाद शाम को प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। चल समारोह की शुरुआत बिल्वेश्वर महादेव मंदिर से हुई इसके बाद छोटी ग्वालटोली, बड़ी ग्वालटोली, राधेश्याम मंदिर सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए चल समारोह वापस मंदिर पहुंचा। इस दौरान राम भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। बिल्वेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि गुरुवार को मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में आहुतियों के साथ भगवान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# कांग्रेस ने शव यात्रा निकालकर सौंपा ज्ञापन

**कांटाफोड़।** बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि व उपलब्धता की कमी, बिजली दरों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी, पेट्रोल-डीजल की कमी तथा सेवा सहकारी संस्थाओं की राशि जमा करने की तिथि बढ़ाने जैसी मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध जताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल पुरोहित ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि किसानों के साथ लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक सरकारी खरीदी शुरू नहीं हुई है और सेवा सहकारी संस्थाओं की जमा तिथि नहीं बढ़ाई गई, जिससे लगभग 70 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो चुके हैं।

नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा ने किसानों की फसलों को उचित मूल्य नहीं मिलने और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सरकार को घेरा। वहीं कांग्रेस नेता राजेश होलानी ने खाद के बढ़ते दामों और किसानों की बदहाल स्थिति को उजागर किया। पूर्व जिला महामंत्री अभिषेक भट्ट ने केंद्र ओर प्रदेश सरकार की नीति पर तीखा हमला करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों का मिलकर विरोध करना होगा और आगामी 2028 विधानसभा चुनाव में इसे सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से विरोध जताते हुए ठेला गाड़ी पर बाइक लेटा कर "शव यात्रा" निकाली। "ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, भाजपा को सद्बुद्धि दे भगवान" भजन गाते हुए गांधी चौराहा से पुलिस थाना कांटाफोड़ पहुंचे, जहां नायब तहसीलदार राजाराम कन्नौजे को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।